## रोडवेज बस में खराबी से यात्री परेशान

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बीकानेर-जयपुर मार्ग पर चल रही एसी बस सेवाएं फिर तकनीकी समस्याओं की चपेट में आ गई। बीकानेर आगार से दोपहर 1.45 बजे रवाना होने वाली बस तकनीकी खराबी के चलते करीब आधे घंटे की देरी से 2.15 बजे रवाना की जा सकी। जबकि शाम 4.30 बजे चलने वाली दूसरी बस को समय पर ठीक नहीं किया जा सका, जिसके कारण उसे रद्द करना पड़ा

बीकानेर आगार की मुख्य प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने बताया कि दोनों बसों में तकनीकी खराबी आ गई थी। हालांकि एक बस को सुधारकर रवाना कर दिया गया। लेकिन दूसरी बस की स्थिति ठीक नहीं होने से उसे रद्द करना पड़ा। उन्होंने यह भी बताया कि विशेष रूप से एसी सिस्टम में बार-बार समस्या आ रही है, जिससे यात्रियों की शिकायतें बढ़ रही हैं। लगातार हो रही खराबी से न सिर्फ रोडवेज की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि यात्री भार में भी गिरावट आ रही है।

गौरतलब है कि बीकानेर आगार में जयपुर रूट के लिए दो अनुबंधित एसी बसें लगाई गई हैं, जिनमें से अधिकांश बार खराबी की शिकायत सामने आ रही है। इन बसों की बार-बार बिगड़ती हालत न केवल यात्रियों के भरोसे को प्रभावित कर रही है, बल्कि रोडवेज को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। यात्रियों को कभी देरी तो कभी बस निरस्त होने का सामना करना पड़ता है, जिससे सार्वजनिक परिवहन सेवा की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दोपहर बाद गर्मी के बीच यात्रियों को बस का इंतजार करना पड़ा।

# रोजगार उत्सव समारोह में 298 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**बीकानेर,** (कासं)। सहकार एवं रोजगार उत्सव का राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में गुरूवार को आयोजित किया गया। सहकार एवं रोजगार उत्सव जिला स्तरीय समारोह में 298 युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले।

इस दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री और

■ **प्रतियोगी परीक्षाओं के पारदर्शी आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया**



**सहकार एवं रोजगार उत्सव जिला स्तरीय समारोह में भाजपा नेता डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा व कलेक्टर नम्रता वृष्णि भी मौजूद थी।**

मुख्यमंत्री ने अन्न भंडारण योजना के तहत निर्मित 24 गोदामों तथा अन्न के प्रोत्साहन के लिए संचालित 64 मिलेट्स का लोकार्पण किया। उन्होंने गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1400 लाभार्थियों को 12 करोड़ ऋण तथा दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को 2 हजार 346 माइक्रो एटीएम का वितरण किया। श्वेत क्रांति 2.0 पीडीसीएस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की लांचित की तथा थानों, सशस्त्र बलों, ग्रुप कैरिअर तथा प्रशिक्षण के लिए 100 नए पुलिस वाहनों को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। इस दौरान 8 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

समारोह का सीधा प्रसारण रविन्द्र रंगमंच पर किया गया। इस दौरान जिले के 298 नव चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) रामावतार कुमावत, अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव, नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, उपखण्ड अधिकारी कुणाल राहड़, रोजगार विभाग के उपनिदेशक हरगोबिंद मित्तल, सहकारिता विभाग के अतिरिक्त निदेशक राजेश टाक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक एल.डी. पंवार सहित नव चयनित युवा एवं उनके परिजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला परिषद के आईईसी कॉर्डिनेटर गोपाल जोशी ने किया।

नियुक्ति पत्र पाने के बाद युवाओं के चेहरे पर चमक देखने को मिली। सभी ने प्रतियोगी परीक्षाओं के पारदर्शी आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। अधिशाषी अधिकारी/राजस्व अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने वाली प्रगति सोलंकी ने बताया कि यह परीक्षा इसी वर्ष 23 मार्च को हुई और जुलाई के पहले सप्ताह में परिणाम आने के बाद गुरूवार को नियुक्ति पत्र भी मिल गया।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग में सूचना सहायक के पद पर चयनित होने वाली योगिता व्यास ने बताया कि सरकारी नौकरी हासिल करना उसका सपना था। इसके लिए उसने अच्छी तैयारी की। प्रतियोगी परीक्षा में सफल होना सपना साकार होने जैसा है। राज्य सरकार की प्रतियोगी परीक्षा के समयबद्ध आयोजन की संकल्पबद्धता के कारण यह संभव हो पाया। बारह वर्षों तक संविदा नौकरी करने के बाद फार्मासिस्ट भर्ती परीक्षा में सफल होने वाले बलवंत सिंह राजपुरोहित ने मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया और कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर आयोजित रोजगार उत्सव उसके जीवन का यादगार क्षण बन गया है।

## ठगी की आरोपी महिला गिरफ्तार

**सूरतगढ़,**(कासं)। सिटी थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के दो माह पहले दर्ज मामले में वांछित महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने महिला को गुजरात के गांधी धाम क्षेत्र से पकड़ा है।

थाना के सहायक उप निरीक्षक ताराचंद गोदारा ने बताया कि जैतसर के वार्ड नंबर 5 निवासी योगेश उर्फ सन्नी पुत्र राजकुमार सिंधी ने 13 मई को गुजरात के भुज जिले की तहसील बचाउ और गांव लल्यानी, रेबारी बास सामखियारी निवासी महिला सोनम रैबारी पत्नी मयूर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि वह जैतसर में प्रोपर्टी डीलर का व्यवसाय करता है और करीब 1 साल पहले वह अपने रिश्तेदार के पास भुज, गुजरात गया था। जहां रिश्तेदारों की जानकार महिला सोनल रैबारी से जान पहचान हो गई।

सोनल महंगी गाडियां रखती थी और आलीशान जीवन यापन करती थी। उसने योगेश को बताया कि वह गोल्ड में इन्वेस्ट कर करोड़ों रूपए की कमाई कर चुकी है। योगेश को भी इसके लिए लालच दिया कि वह सोने में इन्वेस्ट करें तो वह उसकी मदद करेगी। रिपोर्ट में बताया कि योगेश ने पहले इसके लिए मना किया, लेकिन वह उसे ऊंचे-ऊंचे सपने दिखाने लगी। तब उसने विश्वास में लेते हुए उससे 5 लाख लिए और कुछ समय बाद ही परिवादी को 8 लाख वापस दे दिया। उसने और पैसे लगाने का कहा तो योगेश ने 10 लाख दिए। इसके भी सोनल ने 12 लाख लौटा दिए। आरोप है कि इस सवा करोड़ की रकम लेने के बाद योगेश ने महिला से संपर्क करना चाहा तो उसने फोन नहीं उठाया। रिश्तेदारों को फोन करके संपर्क करने को कहा तो वह आनाकानी करने लगी।

## सार-समाचार

### पौधे लगा देखभाल का लिया संकल्प



**रा. उ. मा. वि. पवनपुरी में हरियाला राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण करते जिला शिक्षा अधिकारी रामगोपाल शर्मा।**

**बीकानेर,** (कासं)। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत गुरूवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवनपुरी दक्षिण विस्तार, बीकानेर में शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय बीकानेर रामगोपाल शर्मा के आथित्य में पौधरोपण एवं संरक्षण का दायित्व पूर्ण करने का संकल्प लिया तथा पौध सरंक्षण की शपथ ली। विद्यालय परिसर में जिला शिक्षा अधिकारी रामगोपाल शर्मा, संस्था प्रधान योगिता व्यास, उप प्राचार्य रचना गुप्ता, रवि आचार्य, वनिष मेहता, विमला मीणा, सविता राव., मोहम्मद रमजान, ललित मुंजाल, बसंत पांडे रामकुमार कासनिया, संतोष पूनिया, किरण कंवर, विभा महर्षि, मंजु धवल, अरविन्द शेखावत आदि ने पौधों का रोपण कर बड़ा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रामगोपाल शर्मा ने कहा कि वृक्ष लगाये ही नहीं अपितु उन्हें उगाये एवं उनकी पूरी देखभाल की जाये तभी पौधारोपण की सार्थकता हो सकेगी। संस्था प्रधान योगिता व्यास ने पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि अधिकतम पौधे लगाकर उन्हें वृक्षों का स्वरूप प्रदान करने में शिक्षक के साथ-साथ विद्यार्थी भी अपनी पूर्ण भूमिका मनोयोग से निभाते हुए समय एवं श्रम के साथ पूर्ण संरक्षित करें। इको क्लब प्रभारी वनिश मेहता ने धन्यवाद दिया।

### पंजाब के डीजीपी ने दर्शन किए



**पंजाब पुलिस के महानिदेशक डॉ. जितेन्द्र जैन ने मुनिवृंद के दर्शन किये।**

**बीकानेर,** (कासं)। गच्छाधिपति आचार्य प्रवर श्री जिन मणि प्रभ सूरीश्वरजी महाराज के आज्ञानुवर्ती गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा., मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, बीकानेर की साध्वी दीपमाला श्रीजी व शंखनिधि के सानिध्य में गुरूवार को ढढ्ढा कोटड़ी में जप, तप व दादा गुरुदेव की साधना-आराधना व भक्ति का दौर परवान पर रहा। गुरुवार पंजाब पुलिस के महानिदेशक बाड़मेर के डॉ. जितेन्द्र जैन ने गणिवर्य मेहु प्रभ सागर व मुनि वृंद से डागा सेठिया पारख मोहल्ले के महावीर भवन में धर्म चर्चा की तथा उदयरामसर दादाबाड़ी, नाहटा चौक के शांति नाथ मंदिर में दर्शन किए। महावीर भवन में श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा, पूर्व अध्यक्ष निर्मल धारीवाल, खरतरगच्छ संघ के अध्यक्ष अजीत खजांची, अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई के अध्यक्ष अनिल सुराणा, सचिव विक्रम भुगड़ी, केयूप के राष्ट्रीय संरक्षक राजीव खजांची, सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, आदि मौजुद रहे।

# 22.57 करोड़ की लागत से करणी माता मंदिर का होगा कायाकल्प

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्र सरकार देश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। इसी के तहत पर्यटन विभाग की ओर से स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना में बीकानेर के देशनोक स्थित करणी माता मंदिर को भी शामिल किया गया है।

करणी माता मंदिर को नया स्वरूप देने के लिए काम शुरू हो चुका है। श्रद्धालुओं की सुविधा और जनभावनाओं को सर्वोपरि रखते हुए 22.57 करोड़ रूपए की लागत से मंदिर परिसर में विकास कार्य किए जायेंगे। परिसर के चारों तरफ ब्लॉकिंग का काम चल रहा है। योजना को लागू करने के पीछे केन्द्र सरकार का मकसद देश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने के साथ आस्था से जुड़े स्थलों को संरक्षित करना है।

इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ लोगों को

■ **पर्यटन विभाग की ओर से प्रसाद योजना में देशनोक स्थित करणी माता मंदिर को शामिल किया गया है**

रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही आने वाले वर्षों में सरकार इस योजना को और विस्तार देने की योजना बना रही है ताकि भारत के धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल सके। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद योजना 2.0 तहत करणीमाता मंदिर सहित देश के 53 प्रोजेक्ट का शिलान्यास 7 मार्च को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया था। फिर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी कोलायत और करणी माता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। इसके तहत देशनोक स्थित करणी माता मंदिर मंदिर में जीर्णोद्धार का काम शुरू हुआ है। पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। उधर पर्यटन विभाग के संभागीय संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में 23 करोड़ के प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो चुका है। वर्तमान में मंदिर परिसर के आसपास के एरिया में ब्लॉकिंग की जा है।

निर्माण कार्य 31 मई 2026 तक कंप्लीट करने का लक्ष्य रखा गया है। इतना ही नहीं कपिल सरोवर के सभी घाटों के विकास और संपूर्ण जीर्णोद्धार को लेकर 18 करोड़ का प्रोजेक्ट केन्द्र सरकार के पास भेजा हुआ है। अनुमति मिलते ही आरटीडीसी यह कार्य भी शुरू कर देगा।

## अब कुर्की नहीं होगी

**बीकानेर,** (कासं)। सांड से कुचलकर महिला की मौत के मामले में अब नगर निगम आयुक्त कार्यालय का फर्नीचर कुर्क नहीं होगा।

निगम की ओर से मृतका के वारिसों को बकाया राशि 81200 रूपए का चैक दे दिया गया है। पांच अगस्त 2019 की शाम को गजनेर रोड पर कोठारी अस्पताल के पास से पैदल जा रही संतोष देवी को आवारा सांड और गाय ने सींग मारे और पैरों से कुचल दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इस मामले में आदेश दिए थे कि नगर निगम की ओर से 4,09400 रूपए का भुगतान किया जाए जो मृतकों के वारिसों को दिए जायेंगे। निगम की ओर से वारिसों को 3,28,200 रूपए का भुगतान किया गया, लेकिन 81200 बाकी रह गए। इस पर कोर्ट ने नगर निगम आयुक्त के कार्यालय का फर्नीचर कुर्क करने के आदेश दिए थे। अब निगम की ओर से इस राशि का चैक दे दिया गया है।

# फर्जी दस्तावेज से चोरी की बाइक बेचते दबोचा

**बीकानेर,** (कासं)। नापासर पुलिस ने बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश किया। पुलिस ने चोरी की बाइक्स को फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अब तक चोरी की 10 बाइक भी बरामद की गई हैं, जो बीकानेर जिले के विभिन्न स्थानों से चोरी की गई थी।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक पुत्र भागीरथ निवासी नापासर और कार्तिक पुत्र भींवराज निवासी किसमीदेसर, भीनासर के रूप में हुई है। ये दोनों मिलकर बीकानेर जिले से बाइक चुराकर उनके फर्जी दस्तावेज तैयार करते थे। फिर भोले-भाले ग्रामीणों को बेच देते थे। थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार ने बताया कि नापासर निवासी अजीत भार्गव ने थाने में एक बाइक फर्जी दस्तावेजों के साथ धोखाधड़ी कर बेचने की शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने गंभीरता से जांच

■ **बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश कर आरोपियों के कब्जे से अब तक चोरी की 10 बाइक भी बरामद की**

करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और पूछताछ की।

पूछताछ में आरोपियों ने नापासर में अब तक 10 से अधिक बाइक फर्जी दस्तावेजों के जरिए बेचने की बात कबूली। पुलिस ने इन बाइक को नापासर कस्बे से जब्त कर थाने में लाया है और अब वाहनों के असली मालिकों की जानकारी जुटाई जा रही है। इस खुलासे में कांस्टेबल सुरेन्द्र बाना एवं विनोद की विशेष भूमिका रही। थानाधिकारी सुथार ने बताया कि प्रकरण में आगे भी जांच जारी है।

# कविता संग्रह 'काव्य-सरोज' का लोकार्पण

**बीकानेर,** (कासं)। पूर्व प्रिंसिपल, चिंतक व लेखक प्रोफेसर डॉ. नरसिंह बिनानी के हिन्दी कविता संग्रह 'काव्य-सरोज' का भव्य लोकार्पण समारोह मॉडर्न मार्केट स्थित बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल सभागार में नवकिरण सृजन मंच एवं बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के संयुक्त तत्वावधान में दो चरणों में आयोजित किया गया।

समारोह के संयोजक वरिष्ठ कवि-लेखक इंजी. गिरिराज पारीक ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त रूप से वरिष्ठ कवि-कथाकार कमल रंगा व राजेन्द्र जोशी थे। अध्यक्षता समाजसेवी व बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के अध्यक्ष जुगल राठी ने की। इंजी. पारीक ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक हरिशंकर आचार्य, स्वागताध्यक्ष वरिष्ठ व्यंग्यकार प्रो. डॉ. अजय जोशी, कार्यक्रम समन्वयक वरिष्ठ कवि-कथाकार राजाराम स्वर्णकार, लोकार्पित कृति पर पत्र वाचनकर्ता सह-आचार्य, कॉलेज शिक्षा डॉ. गौरीशंकर प्रजापत रहे।

इस अवसर पर समाजसेवी व बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के अध्यक्ष जुगल राठी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्रो. डॉ.नरसिंह बिनानी के कविता संग्रह 'काव्य-सरोज' का यह लोकार्पण साहित्य सृजन को आगे बढ़ाने का एक प्रेरक कार्य है। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि एक रचनाकार को समाज की स्थिति को ध्यान रखते हुए रचाव करना चाहिए।

## गोदारा आज लोकार्पण करेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा शुक्रवार को लूणकरनसर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

गोदारा दोपहर 12 बजे जोगियासन रा. उ. प्रा. विद्यालय के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के क्रमोन्नत कार्यक्रम तथा दोपहर 1 बजे पंचायत समिति भवन में किसानों के खातेदारी आवंटन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद पंचायत समिति में दो हॉल में सीसी ब्लॉक कार्य का लोकार्पण करेंगे। इस पर 40 लाख रूपए व्यय हुए हैं। सायं 4 बजे चक 300-700 आरडी तक 65.25 लाख रूपए की लागत से तैयार सड़क का लोकार्पण करेंगे। गोदारा सायं 5 बजे कालू रोड से एफसीआई गोदाम तक रीको औद्योगिक क्षेत्र सड़क का शिलान्यास करेंगे।

# बारिश का ओरेंज अलर्ट, कोलायत में बारिश के लिए हवन

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के कई क्षेत्रों में रूक-रूककर बारिश हुई। सुबह से कुछ हिस्सों में बारिश हो रही है और कुछ में नहीं हालांकि दोपहर बाद पूरे शहर में एक साथ बादल बरसे। अभी काले बादलों ने पूरे शहर को घेर रखा है और घड़घड़ाहट की आवाज के साथ तेज बारिश की चेतावनी बार-बार मिल रही है।

उधर कोलायत में बारिश के लिए हवन किया गया है। ग्रामीणों ने कोलायत के गांव गोविन्दसर में इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए गांव के करणी माता मन्दिर पर हवन किया गया। पंडित श्याम पाल जोशी के सानिध्य में ग्रामीणों ने हवन में आहुतियां दी। गोविन्दसर गांव के आसपास गांवों में

■ **बीकानेर में तेज बारिश की चेतावनी बार-बार मिल रही है**

बारिश नहीं होने से किसान और पशुपालक परेशान है। भगवान इन्द्र को प्रसन्न करने के लिए हवन किया गया।

सुबह बीकानेर शहर के अंत्योदय नगर, जवाहर नगर, मुरलीधर व्यास नगर, करमीसर क्षेत्र में हल्की बारिश हुई। तब जूनागढ़ क्षेत्र में बारिश नहीं थी। इसके बाद दोपहर में शहर के हर कोने में बादल बरसने शुरू हो गए। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे तक बादलों का जमावड़ा बढ़ता गया और करीब पौने चार बजे रिमझिम बारिश शुरू हो गई। जिस तरह से बादलों ने डेरा डाला, उस स्पीड से बारिश अभी भी नहीं हुई है। मौसम विभाग ने बीकानेर में तेज गर्जना के साथ बारिश की उम्मीद जताई थी, जो सही साबित हुई। मूसलाधार बारिश का अब भी इंतजार बना हुआ है।

बीकानेर में पिछले कुछ दिनों से हल्की रिमझिम बारिश हो रही है लेकिन तेज बारिश का इंतजार अभी बना हुआ है। गुरूवार को भी पंद्रह बीस मिनट बाद ही बादल बरसना बंद हो गए। हालांकि आसमान में बादलों का डेरा अभी भी बना हुआ है। देर शाम तक फिर से तेज बारिश की उम्मीद की जा रही है। मौसम विभाग ने भी बीकानेर के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है।

# चंचल शर्मा विज्ञान डॉक्यूमेंट्री पुरस्कार से सम्मानित



**चंचल शर्मा को विज्ञान डॉक्यूमेंट्री पुरस्कार मिलने पर सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित।**

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर के ग्रीन केमिस्ट्री रिसर्च सेंटर (जीसीआरसी) की शोधार्थी चंचल शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया।

उत्तराखंड के चमोली में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव में उन्हें उनकी डॉक्यूमेंट्री 'सॉल्टी हैंड्स, स्ट्रॉन्ग हार्ट्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ विज्ञान डॉक्यूमेंट्री के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें नेपाल की प्रो. सुशीला देवी श्रेष्ठ, इंदौर के प्रो. दीपक शर्मा, चमोली की प्रो. रचना नौटियाल एवं प्रो. एम. पी. नागवाल द्वारा सम्मान पत्र, ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं 2000 नकद राशि प्रदान कर दिया गया। इस फिल्म में चंचल शर्मा ने राजस्थान के फलौदी क्षेत्र के नमक श्रमिकों के जीवन, उनके संघर्ष, और मानवता से भरे अटूट जज्बे को अत्यंत संवेदनशीलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया है। यह फिल्म न केवल नमक उत्पादन की प्रक्रिया को उजागर करती है, बल्कि उन अनाम नायकों की कहानी भी बयां करती है जो कठिन परिस्थितियों में भी दशकों से इस कार्य में लगे हुए हैं। फिल्म में इनलैंड ब्राइन से नमक क्रिस्टल बनने की प्रक्रिया का भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चित्रण किया गया है। डूंगर कॉलेज परिसर में विशेष समारोह में सम्मानित किया।

प्राचार्य प्रो. राजेंद्र पुरोहित, जीसीआरसी प्रभारी डॉ. एच. एस. भंडारी, प्रो. अन्नाराम शर्मा, प्रो. देवेश खंडेलवाल, प्रो. एम. डी. शर्मा, प्रो. दिव्या जोशी, एवं डॉ. एस. एन. जाटोलिया ने शर्मा को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र पुरोहित ने कहा कि, 'यह पुरस्कार डूंगर महाविद्यालय के रसायन विभाग की शोधात्मक गुणवत्ता और नवाचार का प्रतीक है।

# पीबीएम अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने गुरूवार को बारिश के मौसम को देखते हुए प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल अस्पताल में चिकित्सा, सफाई और स्टाफ प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. अजीत बेनीवाल, डॉ. जितेन्द्र आचार्य, ताहिर शेख, ईएमडी इंचार्ज और डीसीएनएस मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डॉ. सोनी ने अस्पताल के ए और बी ब्लॉक का दौरा किया। नर्सरी के पास स्टोर की क्षतिग्रस्त पट्टियों को देखकर उन्होंने स्टोर को अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को परिसर की स्थिति से अवगत करवाया और मलबा हटाने तथा खुले चैम्बरों को बंद



**एस. पी. मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ गुंजन सोनी ने पीबीएम अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया।**

करने के लिए दूरभाष पर निर्देश दिए ताकि बारिश में कोई जनहानि न हो।

सफाई व्यवस्था की जांच के दौरान लाइट्स के नीचे मकड़ी के जाले और कुछ शौचालयों में गंदगी पाए जाने पर डॉ. सोनी ने सफाई ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सात दिन में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि ऐसा न

■ **कुछ शौचालयों में गंदगी पाए जाने पर डॉ. सोनी ने सफाई ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई**

होने पर ठेकेदार की टेंडर राशि का 25 प्रतिशत भुगतान काटा जायेगा। डॉ. सोनी ने पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार को स्टाफ की ड्यूटी प्रबंधन के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां अधिक नर्सिंग कार्मिक हैं, वहां से उन्हें आवश्यकता वाले स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही झूलते तारों को तुरंत ठीक करने, लेबर रूम के बाहर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लागू करने और सुरक्षा अधिकारियों को जेबकतरी व चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए।

## नशे की 1190 गोलियों सहित दबोचा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले की रामसिंहपुर पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से अवैध नशीली गोलियों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। जबकि उसका एक साथी भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाधिकारी सुभाष बरोला ने बताया कि घड़साना-कूपली मार्ग पर गांव 56 जीबी के समीप पुलिस को ग्रामीणों की मदद से एक युवक को पकड़ने में सफलता मिली। वहीं दूसरा युवक लोगों की भीड़ में छिपकर भाग निकला। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान आत्म सिंह पुत्र निरंजन सिंह, मजहबी सिख, निवासी गांव 57 जीबी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से मौके पर 1190 अवैध नशीली गोलियां (प्रेगाबालीन) बरामद की हैं। पूछताछ के दौरान यह पता चला है कि फरार तस्कर भी 57 जीबी गांव का ही निवासी है। थानाधिकारी सुभाष बरोला के निर्देशन में पुलिस टीमों द्वारा फरार तस्कर की तलाश में थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन / 2025 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :- 10.07.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 19 में भूखण्ड सं. एस-09 का माप 40-0' गुणा 65-0' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री नरेश कुमार पुत्र श्री लक्ष्मी चंद्र निवासी मकान नं. 1/386, वार्ड नं. 06 नई आबादी कॉलोनी संगरिया जिला हनुमानगढ द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन / पटटा सं. 12466 दिनांक 01.11.2021 द्वारा जारी किया गया था। आवेदक / पटटाधारक द्वारा उक्त जारी पटटे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पटटे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पटटा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पटटा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / पटटे के आधार पर नया पटटा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री नरेश कुमार पुत्र श्री लक्ष्मी चंद्र निवासी मकान नं. 1/386, वार्ड नं. 06 नई आबादी कॉलोनी संगरिया जिला हनुमानगढ द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / जारी पटटे के आधार पर चक चक 4 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 19 में भूखण्ड सं. एस-09 का माप 40-0' गुणा 65-0' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। - **सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**